[55] Seat No. __________ No. of printed pages: 2

**SARDAR PATEL UNIVERSITY**
**BA (II Semester) (NC) Examination**
**Wednesday, 19th October**
**2016**
**2.00 pm - 5.00 pm**
**UA02CHLT03 - Hindi - III**
**आधुनिक हिन्दी काव्य (काव्य कलश)**

**कुल गुण : ७०**

प्र.१ सप्रसंग व्याख्या कीजिएः (**कोई तीन**) (१५)

क) "सिद्धि हेतु स्वामी गये, यह गौरव की बात
पर चोरी-चोरी गये, यही बड़ा आघात
सखि, वे मुझसे कहकर जाते
कह, तो क्या मुझको वे अपनी पथ-बाँधा ही पाते ?"

ख) "नहीं बजती उसके हाथों में कोई वीणा,
नहीं होता कोई अनुराग-राग-आलाप,
नूपुरों में भी रुनझुन रुनझुन नहीं,
सिर्फ एक अव्यक्त शब्द-सा 'चुप, चुप, चुप'
है गूँज रहा सब कहीं-"

ग) "मृदु मिट्टी के हैं बने हुए,
मधु घट फूटा ही करते हैं
लघु जीवन लेकर आये हैं,
प्याले टूटा ही करते हैं,
फिर भी मदिरालय के अन्दर
मधु के घट हैं, मधु प्याले हैं ।"

घ) "दुःख नहीं कोई कि अब उपलब्धियों के नाम पर,
और कुछ हो या न हो, आकाश-सी छाती तो हैं ।"

च) "जो तुम आ जाते एक बार
कितनी करुणा कितने संदेश
पथ में बिछ जाते बन पराग
गाता प्राणों का तार-तार
अनुराग भरा उन्माद राग
आँसू लेते वे पद पखार !"

प्र.२ 'संध्या सुंदरी' कविता की समीक्षा कीजिए । (२०)

**अथवा**

प्र.२ टिप्पणी लिखिए -

क) 'सखि वे मुझसे कहकर जाते' काव्य का सारांश ।

ख) 'दोनों ओर प्रेम पलता है'- काव्य का संदेश ।

प्र.३ 'जो बीत गई' कविता में व्यक्त कवि का जीवन-दर्शन स्पष्ट कीजिए । (२०)

**अथवा**

प्र.३ टिप्पणी लिखिए -

क) 'बीती विभावरी जागरी' कविता का भावार्थ ।

ख) 'क्या पूजन क्या अर्चन रे' कविता का मूलभाव ।

प्र.४

(अ) टिप्पणी लिखिएः (**कोई एक**) (०८)

क) 'शब्दशक्ति' का सामान्य परिचय ।

ख) 'उपमा' और 'उत्प्रेक्षा' अलंकार सोदाहरण समझाइए ।

(ब) अतिलघुत्तरी प्रश्नों के उत्तर लिखिएः (**कोई सात**) (०७)

१) मैथिलीशरण गुप्त को किस रचना के लिए 'राष्ट्रकवि' का सम्मान प्राप्त हुआ ?

२) 'सखि वे मुझसे कहकर जाते' कविता की नायिका का नाम बताइए ।

३) छायावाद के मुख्य चार कवियों के नाम बताइए ।

४) 'आधुनिक युग की मीरा' उपनाम किसे दिया गया है ?

५) 'हालावाद' से सम्बंधित बच्चनजी की तीन रचनाओं के नाम बताइए ।

६) किस काव्यसंग्रह से दुष्यंतकुमार को गजलकार के रूप में प्रसिद्धि मिली ?

७) जयशंकर प्रसाद की दो छायावादी रचनाओं के नाम लिखिए ।

८) हिन्दी में मुक्त छन्द का प्रवर्तक किसे माना जाता है ?

☺☺☺☺☺